खबरों में रहे स्टॉक

अरविंद फैशन्स

वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही के दौरान 47 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया

₹ 436.4 पिछला बंद भाव
₹ 479.4 आज का बंद भाव
9.9 % ▲

केपीआईटी टेक्नॉलजीज



चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 33 प्रतिशत लुढ़का

₹ 772.0 पिछला बंद भाव
₹ 748.5 आज का बंद भाव
-3.1 % ▼

गरवारे हाई-टेक फिल्म्स



चौथी तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 39 प्रतिशत उछाल दर्ज

₹ 4,467.0 पिछला बंद भाव
₹ 5,038.6 आज का बंद भाव
12.8 % ▲

साउथ इंडिया बैंक



वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 19 प्रतिशत बढ़ा

₹ 41.0 पिछला बंद भाव
₹ 42.5 आज का बंद भाव
3.8 % ▲

केपीआई ग्रीन एनर्जी



चौथी तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 47 प्रतिशत की तेजी दर्ज

₹ 455.9 पिछला बंद भाव
₹ 482.0 आज का बंद भाव
5.7 % ▲

संक्षेप में

जेएएल : अदालत पहुंची अदाणी एंटरप्राइजेज

जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) की दिवालियापन प्रक्रिया में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील पंचाट (एनसीएलएटी) से अपने पक्ष में फैसला मिलने के कुछ दिनों बाद अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने यह सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है कि वेदांत की किसी भी संभावित अपील पर उसका पक्ष सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। *बीएस*

फोनपे ने पेश किया एआई टूल

फोनपे ने बुधवार को एआई आधारित इंटीग्रेशन लेयर पेश करने की घोषणा की। इसका मकसद व्यापारियों के लिए पेमेंट गेटवे (पीजी) ऑनबोर्डिंग में लगने वाले समय को कम करना है। एआई कोडिंग असिस्टेंट के लिए बनाया गया और फोनपे की अपनी 'इंटीग्रेशन इंटेलिजेंस' लेयर से समर्थित इस सिस्टम का लक्ष्य इंटीग्रेशन में लगने वाले समय को हफ्तों से घटाकर मिनटों में लाना है। *बीएस*

भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच कंपनी कर रही तैयारी

बहु-स्तरीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर रही एमऐंडएम

सोहिनी दास
मुंबई, 6 मई

महिंद्रा ऐंड महिंद्रा (एमऐंडएम) समूह लगातार रहने वाली भू-राजनीतिक अस्थिरता के दौर में अपनी आपूर्ति श्रृंखला की रणनीति को और बेहतर कर रहा है। समूह के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने 1,00,600 करोड़ रुपये की खरीद, 1,00,000 पुर्जों और 40 कमोडिटी में जोखिम-विश्लेषण कवायद का विवरण दिया है। इसमें कंपनी ने भू-राजनीतिक, कच्चे माल, एकल-आपूर्तिकर्ता, लॉजिस्टिक और नियामकीय पहलुओं में 82 पुर्जा-समूहों और 9 कमोडिटी को अधिक जोखिम के रूप में रखा है।

कंपनी के चौथी तिमाही के परिणामों के बाद विश्लेषकों के साथ बातचीत के दौरान शाह ने कहा कि यह कवायद हाल की बाधाओं से सीखे गए सबक दर्शाती है और चक्रीय समाधानों पर निर्भर रहने के बजाय वाहन कारोबार में संरचनात्मक मजबूती के व्यापक प्रयास को बताती है।

शाह ने बताया कि एमऐंडएम ने परिचालन, सोर्सिंग और डिजाइन तक विस्तृत बहु-स्तरीय सुधार वाली रणनीति अपनाई है। उन्होंने कहा, 'हमने जो कुछ भी खरीदा है, हमारी टीमों ने उसे देखा है और उसे कई जोखिमों पर परखा है और

उसके लिए कई कदम उठाए हैं। कई मामलों में स्टॉक बढ़ाना, वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं का स्थानीयकरण, डिजाइन में कमी लाना, इंटेलिजेंस डेस्क बनाना शामिल रहा ताकि हम किसी भी घटना पर तेजी से काम कर सकें।' उन्होंने कहा कि ये उपाय पहले ही सेमीकंडक्टर से लेकर दुर्लभ खनिज और मेमरी चिप तक की बाधाओं से निपटने में कंपनी की मदद कर चुके हैं।

कंपनी के निवेशक प्रस्तुतीकरण में आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को वाहन और कृषि कारोबरों का प्रमुख स्तंभ बताया गया है और जोखिम से निपटने के लिए सुनियोजित उपायों के बारे में बताया गया है। इनमें नियोजित स्टॉक बफर, आपूर्तिकर्ताओं का स्थानीयकरण, बहु-आपूर्तिकर्ताओं से आपूर्ति, अधिक जोखिम वाली सामग्रियों का इस्तेमाल सुव्यवस्थित करना तथा निगरानी और प्रतिरक्षा उपायों की सहायता के लिए हरदम सक्रिय 'इंटेलिजेंस डेस्क' शामिल हैं। इसमें 'जोखिम मुक्त आपूर्ति श्रृंखला' और 'कमोडिटी प्रतिरक्षा कार्यक्रम' को प्रमुख व्यावसायिक कार्यों के रूप में स्पष्ट रूप से सूची में रखा गया है, जो यह दर्शाता है कि ये उपाय अस्थायी प्रतिक्रियाओं के बजाय परिचालन रणनीति में शामिल हैं।

साल 2020 से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला एक के बाद एक आने वाले बार-बार के भू-राजनीतिक झटकों से बाधित हुई है। इससे विनिर्माताओं को आपूर्ति और जोखिम के बारे में फिर से सोचने पर मजबूर होना पड़ा है।

प. एशिया संकट के बावजूद दोपहिया उद्योग भरेगा फर्राटा

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 6 मई

> **उद्योग को वित्त वर्ष 27 में बिक्री में ऊंचे 1 अंक की वृद्धि और मोटरसाइकलों के साथ-साथ स्कूटरों में भी इजाफे की उम्मीद है**
>
> **हर्षवर्धन चितले,** मुख्य कार्याधिकारी, हीरो मोटोकॉर्प

हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्य अधिकारी (सीईओ) हर्षवर्धन चितले ने बुधवार को कहा कि खाड़ी जंग के बावजूद भारत का दोपहिया उद्योग वित्त वर्ष 2027 में बिक्री में ऊंचे एक-अंक की वृद्धि दर्ज कर सकता है। उसकी यह वृद्धि पूरे देश में मोटरसाइकलों और स्कूटरों की मांग के कारण होगी, भले ही पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कमोडिटी की कीमतें बढ़ रही हों।

वित्त वर्ष 2026 में भारत में लगभग 2.171 करोड़ दोपहिया वाहन बेचे गए और इस तरह इसमें 10.7 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई। इसका कारण वृद्धि सितंबर 2025 में जीएसटी दरों में की गई कटौती थी। चितले ने कहा, 'उद्योग को वित्त वर्ष 2027 में बिक्री में ऊंचे एक अंक की वृद्धि और मोटरसाइकलों के साथ-साथ स्कूटरों में भी इजाफे की उम्मीद है।' उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र ने साल की शुरुआत सकारात्मक कदम के साथ की है और वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही की रफ्तार जारी रखी है। नतीजों के बाद बाजार विश्लेषकों से बातचीत करते हुए चितले ने कहा कि अप्रैल और मई की शुरुआत में मांग में अभी तक कोई नरमी नहीं आई है, क्योंकि उत्पादन लागत में हुई बढ़ोतरी का पूरा बोझ अभी तक ग्राहकों पर नहीं डाला गया है।

उन्होंने कहा कि पिछले साल की दूसरे छमाही की मजबूती ने 2026 में बढ़ोतरी की रफ्तार को सहारा दिया, जबकि ई-कॉमर्स के विस्तार और गिग इकॉनमी की मांग जैसे बुनियादी कारक बिक्री बढ़ाने में मदद मिली। हीरो ने वित्त वर्ष 2026 में डेस्टिनी स्कूटर की निर्माण क्षमता 50 प्रतिशत बढ़ा दी है और अपने जूम स्कूटर के लिए इसे एक तिमाही के अंदर दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा, 'आगे चलकर स्कूटर के क्षेत्र में हमारी स्थिति और मजबूत होगी। ईवी हमारी प्राथमिकता वाला दूसरा क्षेत्र बना हुआ है, क्योंकि कंपनी मॉडल विकास में लगातार निवेश कर रही है।' चितले ने अल्पावधि दबाव के बावजूद कंपनी के मजबूत मार्जिन दृष्टिकोण को दोहराते हुए कहा, 'हम 14 से 16 प्रतिशत के बीच मार्जिन बनाए रखने के अपने अनुमान को लेकर प्रतिबद्ध हैं।'

अप्रैल में ईवी की खुदरा बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

अंजलि सिंह
मुंबई, 6 मई

अप्रैल 2026 में देश के इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खुदरा बिक्री में सालाना जोरदार वृद्धि का सिलसिला जारी रहा। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों से पता चलता है कि ईवी के इस्तेमाल में बड़े स्तर पर विस्तार हुआ है। इसे बेहतर मॉडल पोर्टफोलियो और उपभोक्ताओं की बढ़ती स्वीकृति का समर्थन मिला है। लेकिन मासिक प्रदर्शन में मार्च की जोरदार बिक्री के बाद सीजनल नरमी देखने को मिली। इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री ने इस तेजी की अगुआई की, जिसमें सालाना आधार पर 75.1 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई और यह बढ़कर 23,506 वाहनों तक पहुंच गई। इसके बाद मार्च के मुकाबले इसमें 4.5 प्रतिशत की मामूली बढ़त देखने को मिली। इस श्रेणी पर टाटा मोटर्स पैसेंजर्स व्हीकल्स का दबदबा बरकरार रहा, जिसने 8,543 वाहनों की खुदरा बिक्री की। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने 5,413 वाहनों की बिक्री की। उन्हें अपने बढ़ते इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो की जोरदार मांग से लगातार फायदा मिलता रहा। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया और बीवाईडी इंडिया सहित अन्य कार विनिर्माताओं ने भी इस श्रेणी की वृद्धि में योगदान दिया। यह बढ़ती प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध विकल्पों की व्यापकता को दर्शाता है।

दोपहिया वाहन श्रेणी में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर 60.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। लेकिन मार्च के अधिक आधार के प्रभाव के कारण मासिक आधार पर इसमें 22 प्रतिशत की गिरावट आई और यह घटकर 1.49 लाख वाहनों तक पहुंच गई। तिमाही आधार पर इस गिरावट के बावजूद यह श्रेणी कुल ईवी बिक्री में सबसे बड़ी योगदानकर्ता बनी रही।

पॉलिकैब इंडिया का प्रदर्शन अनुमान से बेहतर

पॉलिकैब इंडिया ने चौथी तिमाही में अनुमान से बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी को मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर और आवासीय गतिविधि से अपने वायर एवं केबल सेगमेंट की चमक बरकरार रखने में मदद मिली।

वायर और केबल बनाने वाली कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ 31 मार्च को समाप्त हुई तीन महीने की अवधि में 6.3 प्रतिशत बढ़कर 7.73 अरब रुपये हो गया। एलएसईजी द्वारा जुटाए गए आंकड़े के अनुसार, विश्लेषकों को औसतन 6.99 अरब रुपये के मुनाफे की उम्मीद थी। परिचालन से राजस्व करीब 27 फीसदी बढ़कर 88.64 अरब रुपये रहा, जो विश्लेषकों द्वारा जताए गए 83.64 अरब रुपये की तुलना में ज्यादा है। सबसे बड़े सेगमेंट वायर ऐंड केबल्स से राजस्व करीब 29 फीसदी बढ़कर 77.62 अरब रुपये हो गया, जबकि फास्ट-मूविंग इलेक्ट्रिककल गुड्स (एफएमईजी) खंड से राजस्व 39.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6.63 अरब रुपये रहा। *रॉयटर्स*

मीशो के घाटे में 88 प्रतिशत गिरावट

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 6 मई

ई-कॉमर्स कंपनी मीशो ने अपने तिमाही घाटे को कम किया है। मार्च तिमाही में कंपनी ने 166.3 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया है, जो पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 88 प्रतिशत कम है। पिछले साल मार्च तिमाही में कंपनी को 1,391.4 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था, जबकि दिसंबर तिमाही में यह घाटा 490.7 करोड़ रुपये रहा।

केपीआई ग्रीन एनर्जी का मुनाफा बढ़ा

केपीआई ग्रीन एनर्जी का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 49 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 155.48 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष इसी अवधि में उसका शुद्ध लाभ 104.18 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व सालाना आधार पर बढ़कर 810.20 करोड़ रुपये हो गया। *भाषा*

बैंक ऑफ़ इंडिया

आंचलिक कार्यालय : भोपाल अंचल
बैंक ऑफ इंडिया भवन
जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल

फोन: 0755-2556770, 2555169, ई-मेल: bhopal.assetrecovery@bankofindia.co.in

चल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

ऋणी व जमानतदारोंको विशेष रूप से व सर्वसाधारण को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित सुरक्षित ऋण प्रदाता बैंक द्वारा बंधक / प्रभारित चल सम्पत्ति का बैंक ऑफ इण्डिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा लिया गया है। बन्धक सम्प की बिक्री **''जो है, जहाँ है, जैसी है एवं जैसी भी स्थिति में है, दायित्व रहित''** के आधार पर की जायेगी ।

ऋणी का नाम	पंजीयन क्रमांक / मेक / मॉडल	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि
भोपाल रिकवरी शाखा, भोपाल, फोन : 8975728625, 9752153767, 7355725919 Account to deposit auction sale proceeds- 902990200000033, IFSC- BKID0009029		
मेसर्स रीति गर्ग ट्रेड लिंक (प्रोपराइटर- श्रीमती रीति गर्ग) पता- डी-1, फेस-2, गार्डन होम्स, अलकापुरी, सिटी सेन्टर, ग्वालियर-474011 बकाया राशि 3,91,56,328/- +दिनांक 23.06.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च	MP07ZJ9393 (Model: 2023) Regn. Date: 20-11-23 Ashok Leyland Ltd & NE5525N/39 TT CC Chasis No. MB1U1VLD7PPKW3347 Engine No. PKPZ503358	₹ 17,42,000/- ₹ 1,74,200/-
	MP07ZJ5700 (Model: 2023) Regn. Date: 20-11-23 Ashok Leyland Ltd & NE5525N/39 TT CC Chasis No. MB1U1VLD9PPKW5682 Engine No. PKPZ503939	₹ 17,42,000/- ₹ 1,74,200/-
	MP07ZK9044 (Model: 2023) Regn. Date: 19-12-23 Ashok Leyland Ltd & NE5525N/39 TT CC Chasis No. MB1U1VLD2PPDY4063 Engine No. PDPZ508961	₹ 14,51,000/- ₹ 1,45,100/-
	MP07ZJ9097 (Model: 2023) Regn. Date: 19-12-23 Ashok Leyland Ltd & NE5525N/39 TTCC Chasis No. MB1U1VLD2PPDY3950 Engine No. PDPZ508994	₹ 14,51,000/- ₹ 1,45,100/-
	MP07ZK9986 (Model: 2023) Regn. Date: 26-12-23 Ashok Leyland Ltd & NE5525N/39 TTCC Chasis No. MB1U1VLD7PPDY3944 Engine No. PDPZ508979	₹ 14,51,000/- ₹ 1,45,100/-
	MP07ZK9944 (Model: 2023) Regn. Date: 26-12-23 Ashok Leyland Ltd & NE5525N/39 TTCC Chasis No. MB1U1VLD5PPEY2908 Engine No. PEPZ508674	₹ 17,42,000/- ₹ 1,74,200/-
	MP07ZJ9029 (Model: 2023) Regn. Date: 19-12-23 Ashok Leyland Ltd & NE5525N/39 TTCC Chasis No. MB1U1VLD6PPDY3949 Engine No. PDPZ508886	₹ 14,51,000/- ₹ 1,45,100/-
	कुल आरक्षित मूल्य ₹ 110.30 लाख, कुल धरोहर राशि ₹ 11,03,000/-	
श्री विक्रांत सिंह पता- म.नं. 160/2, वार्ड नं. 12, न्यू ज्वालामुखी कालोनी, उमरिया, म.प्र. 484661 कार्यालय का पताः सॉलिश ट्रेक्टर, शहडोल रोड, छापा कलेरी के पास, उमरिया म.प्र.-484661 मांग सूचना दिनांक 03.05.2025 के अनुसार बकाया राशि- ₹ 4,70,22,699.38 +दिनांक 30.04.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च	MP54-ZB1114, Tata Motors/Tata Signa BS6 Trip Trailer HP 300.16/WB-3320 Chasis No. MAT828048PAN15238 Engine No. 32L95442496 (Model: 2024)	₹ 30,78,000/- ₹ 3,08,000/-
	CG10-BW0188, Tata Motors/Tata Signa BS6 Trip Trailer HP 300.16/WB-3320 Chasis No. MAT828048RAH12649 Engine No. 42H95477446 (Model: 2024)	₹ 31,59,000/- ₹ 3,16,000/-
	CG10-BW0189, Tata Motors/Tata Signa BS6 Trip Trailer HP 300.16/WB-3320 Chasis No. MAT828048RAH12356 Engine No. 42G64400343 (Model: 2024)	₹ 31,59,000/- ₹ 3,16,000/-
	कुल आरक्षित मूल्य ₹ 93.96 लाख, कुल धरोहर राशि ₹ 9,40,000/-	

ई-नीलामी की तिथि एवं समय 09.06.2026, सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

ई-नीलामी की शर्ते :-
(1) ई-नीलामी /बिडिंग ''ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग'' के माध्यम से ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर वेबसाइट http://BAANKNET.com पर की जावेगी। इच्छुक निविदाकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व वेबसाइट में नियम एवं शर्तों की जानकारी प्राप्त करें।
(2) वाहन का निरीक्षण दिनांक **08.06.2026** को या उससे पहले सुबह 10 से सायं 5 बजे तक शाखा प्रबंधक /प्राधिकृत अधिकारी की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।
(3) बिक्री की पुष्टि होने होने पर सफल खरीदार को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (जिसमे ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम शामिल हैं) तुरंत जमा करानी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि 15 दिन के अंदर ऊपर दिये गए शाखा के अकाउंट नंबर मे जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा मे राशि जमा न करने की स्थिति मे बोलिकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जायगी।
(4) बोली निर्धारित आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर शुरू होगी। बोली वृद्धि राशि रु. **10000/-** रहेगी।
(5) सफल खरीददार को वाहन पर भुगतान की जाने वाली सांविधिक देयताएं/ असांविधिक देयताएं/ स्टाम्प ड्यूटी / अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ ट्रांसफर शुल्क / सभी शुल्क / असेसमेंट चार्जेस / अन्य प्रभार जिसमें पंजीयन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, लागू टीडीएस इत्यादि व्ययों का भुगतान करना होगा।
(6) प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने / निरस्त अथवा ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
(7) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वर्णित दूरभाष क्र. पर संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करें: अथवा अंचल कार्यालय, भोपाल फोन : 0755-2556770 / 2555169 से संपर्क करें।

स्थान : भोपाल, दिनांक : 06.05.2026 प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

SBI

स्ट्रेस्ड एसेट्स रेजोल्यूशन ग्रुप, कॉरपोरेट सेंटर,
द आर्केड, दूसरी मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड केंद्र, कफ परेड, मुंबई – 400005

ई-नीलामी के माध्यम से पात्र खरीदारों (अनुमत स्थानान्तरणकर्ता एनबीएफसी/बैंकों/वित्तीय संस्थाओं/एआरसी) को स्ट्रेस्ड लोन एक्सपोजर का हस्तांतरण

भारतीय स्टेट बैंक पात्र प्रतिभागियों से, भारतीय रिज़र्व बैंक / अन्य नियामकों द्वारा जारी लागू विनियमों के अधीन, 1 खाते के ₹61.38 करोड़ (मात्र इकसठ करोड़ अड़तीस लाख रुपये) के मूल निधि आधारित बकाया के स्ट्रेस्ड लोन एक्सपोज़र के हस्तांतरण हेतु 'जैसा है जहाँ है' ; 'जैसा है वैसा है' ; 'जो कुछ है वही' ; और 'बिना किसी उत्तरदायित्व के आधार पर' ई-नीलामी के माध्यम से, रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

सभी इच्छुक पात्र प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे 'रुचि की अभिव्यक्ति' के माध्यम से ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अपनी इच्छा प्रस्तुत करें. पात्र प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि वे गैर-प्रकटीकरण समझौता (वेब नोटिस में उल्लिखित समयसीमा के अनुसार) निष्पादित करें। यदि गैर-प्रकटीकरण समझौता निष्पादित नहीं होता है, तो कृपया ई-मेल आईडी dgm.sr@sbi.co.in पर संपर्क करें। कृपया बैंक की वेब साइट https://sbi.bank.in पर जाएं और अधिक विवरण "SBI in the news>Auction Notices>ARC&DRT" में लिंक पर क्लिक करें (वेब नोटिस).

कृपया ध्यान दें कि बैंक किसी भी चरण पर प्रस्तावित ई-नीलामी को आगे न बढ़ाने या ई-नीलामी की तिथि अथवा किसी भी नियम व शर्तों में बिना कोई कारण बताए बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. ऐसे किसी भी बदलाव की सूचना https://sbi.bank.in वेबसाइट पर "SBI in the news > Auction Notices > ARC & DRT" लिंक के तहत संशोधन सूचना (Corrigendum) के रूप में दी जाएगी. इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा.

स्थान: मुंबई **द्वारा जारी**
तिथि: 07.05.2026 **उप- महाप्रबंधक (क्रेडिट और एआरसी)**

इंडसइंड बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 2401, जन. थिम्मैय्या रोड (कैण्टोंमेंट), पुणे-411001
उपभोक्ता वित्त विभागः नई सं. 34, जी.एन. छेत्ती रोड, टी. नगर, चेन्नई-600017
राज्य कार्यालयः इंडसइंड बैंक, सीएफडी, दूसरी मंजिल, 7-क्वालिटी बिजनेस सेंटर, जोन-II, एम.पी. नगर, भोपाल - 462011

कब्जा सूचना
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के अधीन)

चूंकि, मैसर्स इंडसइंड बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (जिसे यहां बाद में कथित अधिनियम कहा गया है) के अधीन तथा धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (जिसे यहां बाद में कथित नियम कहा गया है) के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लेखित कर्जदार/गारंटरों को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उन्हें कथित सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित रकम चुकता करने को कहा गया था।

कर्जदार(ों) द्वारा कथित अवधि के अंदर कथित रकम के साथ आगे के ब्याज की रकम चुकता करने में असफल होने के कारण एतद्द्वारा विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम तौर पर जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पठित कथित नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्जदारों/गारंटरों के नाम के समक्ष उल्लेखित तारीख को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति पर प्रतीकात्मक कब्जा कर लिया गया है। कथित सम्पत्तियों के साथ कोई भी सौदा कर्जदारों के समक्ष उल्लेखित रकम तथा उस पर आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क तथा ब्याज की रकम के लिए मैसर्स इंडसइंड बैंक लिमिटेड के पूर्व प्रभार का विषय होगा। कर्जदारों का ध्यान प्रत्याभूत सम्पत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

क्र. सं.	कर्जदार/गारंटर का नाम, ऋण अनुबंध सं.	मांग सूचना की तारीख / कब्जा की तारीख	बकाया रकम
1.	**कर्जदारः** श्री दीपक कुमार सोनी द्वारा मुन्नालाल सोनी **सह-कर्जदारः** श्रीमती विद्या सोनी द्वारा कनछेदीलाल **सह-कर्जदारः** श्री मुन्नालाल सोनी, द्वारा शंकर लाल **अनुबंध सं. JJJ05050M दिनांक 31.01.2020**	30.03.2023 **कब्जा की तारीख** 05-05-2026	रु. 8,30,691.17 (रुपये आठ लाख तीस हजार छह सौ इक्यानवे एवं पैसे सतरह मात्र) दिनांक 30.03.2023 की स्थिति के अनुसार

गिरवी पर रखी गई सम्पत्ति का विवरणः मौजा रिमझा, एन.बी. 397/401, हल्का सं. 26/23, नया 79, आर.आई. सर्कल-महाराजपुर, पटवारी एवं डॉयवर्सन खसरा सं. 137 का हिस्सा, प्राइवेट लेआउट प्लॉट सं. 40, नया वार्ड सं. 72, तहसील एवं जिला जबलपुर में स्थित कुल क्षेत्रफल 12.5x40=500 वर्ग फीट (46.46 वर्ग मीटर) परिमाप की अचल सम्पत्ति के कथित साइट पर निर्मित भवन के साथ वहां उपलब्ध फर्नीचर, फिक्सचर एवं साजो-सामान का सम्पूर्ण एवं सर्वांगीण हिस्सा तथा चौहदी निम्नानुसारः पूर्वः 30 फीट साइड सड़क, पश्चिमः प्राइवेट लेआउट प्लॉट सं. 37 एवं 38 का हिस्सा, उत्तरः प्राइवेट लेआउट प्लॉट सं. 41, दक्षिणः प्राइवेट लेआउट प्लॉट सं. 39.

तारीखः 05-05-2026 **हस्ता/- (अधिकृत अधिकारी)**
स्थानः जबलपुर **कृते इंडसइंड बैंक लिमिटेड**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय,
रसल चौक, नेपियर टाउन, जबलपुर- 482001
फोन: 0761- 411588,9993444622
E- mail: crld.jabalpur@unionbankofindia.bank

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नीलामी सूचना
संपत्ति की जानकारी के लिए QR Code स्केन करें

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम,2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रतिभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है की नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** प्रतिभूति लेनदार **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** की संबंधित शाखा के पास प्रभारित है उक्त संपत्तियों को **''जहां है जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''** के आधार पर **दिनांक 12.06.2026, दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे** के मध्य प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित संबंधित ऋणियों एवं प्रतिभूति दाताओं से निम्नलिखित बाकाया धन राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि तथा अन्य विस्तृत विवरण की जानकारी निम्नानुसार है।

क्र.	ऋणी/जमानतदार एवं शाखा का नाम	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मुल्य / धरोहर राशि	बकाया राशि (रू.)	सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं मोबाईल नं.
1	मेसर्स श्री महालक्ष्मी इंडस्ट्रीज, प्रोप.: सनराज खियानी, दयाल दास खियानी पिता गुरदासमल खियानी, श्रीमती किरण नानकानी शाखा : कटनी	1. इंडस्ट्रियल भूमि एवं बिल्डिंग (बिल्डिंग शेड) , जो प्लॉट नंबर 35 और 36 के भाग पर स्थित, इंडस्ट्रियल एरिया, लमतारा, तहसील और जिला कटनी,म.प्र.- 483501, प्लॉट का कुल एरिया 1500 वर्ग मीटर, यह संपत्ति मसर्स महालक्ष्मी इंडस्ट्रीज (प्रोप. श्री सनराज खियानी पिता श्री दयाल खियानी) के नाम पर लीज़ पर, भूमि का लीज़होल्ड अधिकार 30 साल के लिए, 30.06.2011 से 29.06.2041 तक है। उक्त संपत्ति के पट्टेदार मध्य प्रदेश के राज्यपाल हैं, जो एमपी औद्योगिक केंद्र विकास निगम (ग) लिमिटेड जबलपुर	1,31,16,000/- 13,11,600/-	₹ 485.30 लाख + ब्याज एवं अन्य खर्चे	श्री अमित कुमार 9999262491
		2. रहवासी परिवर्तित भूमि मौजा टिकुरी, हेमू कालानी वार्ड, पी एच नंबर- 45/2 (नया 43), एनबी नंबर-188, आरसीआई- मुरवारा, खसरा नंबर 5/2 ज, 34/1 ज, 35/1 ज, 36/1 ज, तहसील और जिला- कटनी म.प्र.में स्थित , प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 1620 वर्ग फीट, मालिक श्री दयाल खियानी पिता स्व. गुरदासमल खियानी	51,00,000/- 5,10,000/-		
		3. रहवासी परिवर्तित भूमि मौजा टिकुरी, हेमू कालानी वार्ड, पी एच नंबर- 45/2 (नया 43), एनबी नंबर-188, आरसीआई- मुरवारा, खसरा नंबर 5/2 झ, 34/1 झ, 35/1 झ, 36/1 झ, तहसील और जिला- कटनी म.प्र.में स्थित , प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 1620 वर्ग फीट, मालिक श्री सनराज कल्याणी पिता श्री दयाल खियानी	51,00,000/- 5,10,000/-		

स्थान : जबलपुर, दिनांक : 06.05.2026
विक्रय से संबंधित और शर्तो के ब्यौरे के लिए वेबसाईट https://baanknet.com & https://www.unionbankofindia.bank.in/auction-property/view-auction-property.aspx
प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

Chola Enter a better life

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालय : चोला क्रेस्ट सी 54 और सी 55, सुपर बी-4, थिरु विका औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई -600032
शाखा का पता : गली नंबर 16, पहली मंजिल